भारत सरकार

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *154**

जिसका उत्तर 27 जुलाई, 2016 को दिया जाना है।

5 श्रावण, 1938 (शक)

## इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण कलस्टर

***154. एडवोकेट जोएस जॉर्जः**

**योगी आदित्यनाथः**

क्या इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अभी तक अनुमोदित/स्वीकृत किए गए इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण कलस्टरों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) केन्द्र सरकार के पास लंबित प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केरल सहित विभिन्न राज्यों को 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक कलस्टर स्वीकृत किए गए हो;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए कितनी निधियां प्रदान की गई हैं; और

(ङ) क्या विशेष प्रयोजन साधन का निर्माण पूरा कर लिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद)**

**(क) से (ङ) :** एक विवरण-पत्र सभा पटल पर रख दिया गया है।

*******

## इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण कलस्टर के संबंध में दिनांक 27.7.2016 को लोक सभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न सं. *154 के उत्तर में उल्लिखित विवरण-पत्र

**(क) :** इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण कलस्टर (ईएमसी) योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार ने नौ (9) ग्रीनफील्ड इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण कलस्टरों और ब्राउनफील्ड इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण कलस्टर में एक (1) सामान्य सेवा केंद्र (सीएफसी) की स्थापना के लिए अनुमोदन दिया है। अनुमोदित इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण कलस्टरों के राज्यवार विवरण **अनुबंध-I** में संलग्न हैं।

**(ख)** : ईएमसी योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को अब तक 18 राज्यों से 44 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से दस (10) आवेदनों के लिए अंतिम अनुमोदन और अठारह (18) आवेदनों के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन दिया गया है । अठारह (18) आवेदनों, जिनके लिए सैद्धांतिक अनुमोदन दिया गया है, में से सात (7) आवेदकों से अंतिम आवेदन प्रतीक्षित हैं। ग्यारह (11) मामलों में अंतिम आवेदन प्राप्त हो गए हैं और अंतिम अनुमोदन के लिए उनका मूल्यांकन किया जा रहा है। इसके अलावा, दस (10) आवेदन वापस ले लिए गए हैं/समाप्त कर दिए गए हैं तथा एक (1) आवेदन के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन निरस्त कर दिया गया है। पाँच (5) आवेदनों का आरंभिक स्तर पर मूल्यांकन किया जा रहा है। ऐसे आवेदनों, जो लंबित हैं (आरंभिक और अंतिम अनुमोदन प्रक्रिया के तहत) के विवरण **अनुबंध-II (क) और (ख)** में संलग्न हैं।

**(ग) और (घ)** : केरल राज्य के संदर्भ में एर्नाकुलम जिले के कनयान्नूर तालूका के काकीनाडा गांव में एक ग्रीनफील्ड इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण कलस्टर की स्थापना के लिए मैसर्स केरल औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (केआईएनएफआरए) द्वारा एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है। सचिव, एमईआईटीवाई की अध्यक्षता में कलस्टर के लिए संचालन समिति (एससीसी) ने दिनांक 7 जून, 2016 को आयोजित अपनी बैठक में उपर्युक्त आवेदन के लिए अंतिम अनुमोदन प्रदान करने हेतु सिफारिश की है।

**(ङ) :** विशेष प्रयोजन साधन (एसपीवी) के गठन के लिए दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण कलस्टर (ईएमसी) का एक पृथक एसपीवी होगा जो परियोजना के कार्यान्वयन और प्रबंधन के लिए जिम्मेदार होगा। अंतिम रूप से अनुमोदित दस (10) ईएमसी में से तीन (3) परियोजनाओं के लिए एसपीवी का गठन किया जा चुका है। ऐसी परियोजनाएं, जिनके लिए एसपीवी गठित किए जा चुके हैं, के विवरण **अनुबंध-III** में संलग्न हैं।

******

अनुबंध-I

अनुमोदित इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण क्लस्टरों का विवरण

| # | राज्य | ईएमसी का स्थान | क्षेत्रफल (एकड़) | मुख्य प्रमोटर / एसपीवी | अंतिम मंजूरी प्रदान करने की तिथि | वित्तीय परिव्यय (करोड़ रु.में) | | जारी की गई राशि (करोड़ रु. में ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | परियोजना लागत | जीआईए | |
| 1 | मध्य प्रदेश | बड़वाई, भोपाल | 50 | मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (एमपीआरडीसी) | 25.08. 14 | 46.16 | 20.86 | 4.17 |
| 2 | | पुर्वा- जबलपुर | 40 | | 25.08.14 | 38.01 | 17.76 | 3.55 |
| 3 | राजस्थान | एसपीएल-1,सलारपुर, खुशखेड़ा, भिवाड़ी | 50.3 | एल्सिना इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर प्रा. लिमिटेड | 15.09.15 | 46.09 | 20.24 | 2.02 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | गांव-टूटा, सेक्टर -22, नया रायपुर, तहसील-आभनपुर, रायपुर जिला | 69.98 | छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम लि. (सीएसआईडीसी) | 07.01.16 | 89.23 | 43.08 | 8.62 |
| 5 | आंध्रप्रदेश | चिलामाथूर, अनंतपुर जिला | 47.32 | एल्सिना रागा मयूरी इलेक्ट्रॉनिक्स पार्क प्रा. लि. | 04.02.16 | 52.13 | 23.00 | |
| 6 | | विलेज-चेरिवी, सत्यावेदु मंडल,चित्तोर डिस्ट्रिक्ट | 94 | श्री शहर प्रा. लिमिटेड | 20.07.16 | 56.75 | 27.34 | |
| 7 | गुजरात | गांव-टुंडा, तल्लुका- मुंद्रा, जिला- कच्छ | 631.38 | मुंद्रा सौर टेक्नोपार्क प्राइवेट लिमिटेड | 04.07.16 | 745.14 | 315.69 | |
| 8 | झारखंड | आदित्यपुर, सराईकेला-खरसावां जिला | 82.49 | आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण | 22.09.15 | 97.88 | 41.48 | - |
| 9 | पश्चिम बंगाल | सेक्टर iv और v, फल्टा औद्योगिक केन्द्र, पी.एस रामनगर, जिला दक्षिण 24 परगना | 58.04 | पश्चिम बंगाल इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग विकास निगम लिमिटेड (वेबेल) | 04.02.16 | 58.86 | 26.52 | |
| 10 | कर्नाटक (ब्राउनफील्ड क्लस्टर में सीएफसी) | प्लॉट नं 360, केआईएडीबी इंडस्ट्रियल एरिया, हेब्बल, होत्तागली, मैसूर | 1.11 | मैसूर ईएसडीएम क्लस्टर प्राइवेट लिमिटेड | 15.09.15 | 29.53 | 21.31 | - |
| | कुल | | 1124.62 | | | 1259.78 | 557.28 | 18.36 |

अनुबंध-II

(क) अंतिम मंजूरी के लिए विचाराधीन आवेदनों का विवरण

| # | कुल | ईएमसी का स्थान | प्रस्तावित क्षेत्रफल (एकड़) | मुख्य प्रमोटर / एसपीवी | वित्तीय परिव्यय (करोड़ रु. में) | | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनुमानित लागत | मांगी गई जीआईए | |
| 1 | केरल | कक्कानाड ग्राम, कन्नानूर तालुक, एर्नाकुलम जिला | 66.87 | केरल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप्मेंट कॉर्पोरेशन (केआईएनएफआरए) | 140.01 | 50 | 17.06. 2016 को आयोजित अपनी 14 वीं बैठक में एससीसी द्वारा अंतिम अनुमोदन के लिए सिफारिश की गई |
| 2 | ओडीशा | इन्फोवेली, भुवनेश्वर इंडस्ट्रियल एरिया, खुर्दा जिला | 203.36 | ओडिशा औद्योगिक विकास निगम (आईडीसीओ) | 200.76 | 93.09 | |
| 3 | पश्चिम बंगाल | 24 परगना नैहाटी शहर, उत्तरी जिला | 70 | पश्चिम बंगाल इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग विकास निगम लिमिटेड (डब्ल्यूईबीईएल) | 58.31 | 25.70 | |
| 4 | कर्नाटक | इलेक्ट्रॉनिक सिटी बैंगलोर | 1.16 | इलिसा ईएसडीएम प्रा. लि. | 85.20 | 50 | आवेदकों से स्पष्टीकरण की प्रतीक्षा हैं |
| 5 | महाराष्ट्र | प्लॉट नं-पी 30, एमआईडीसी क्षेत्र, शेन्द्रा पांच सितारा औद्योगिक क्षेत्र, औरंगाबाद | 1.98 | देवगिरि इलेक्ट्रानिक्स क्लस्टर प्राइवेट लिमिटेड | 48.34 | 35.38 | |
| 6 | | प्लॉट नं जम्मू/पी-8,पिंपरी इंडस्ट्रियल एरिया, पुणे में जम्मू 462 और जम्मू 462 / पी | 0.62 | एमसीसीआईए इलेक्ट्रॉनिक क्लस्टर फाउंडेशन | 70.88 | 50 | |
| 7 | तमिलनाडु | अन्नूर तालुक, कोयंबटूर | 157.71 | एडीडी औद्योगिक पार्क (तमिलनाडु) लि. | 169.82 | 61.15 | |
| 8 | तेलंगाना | ई-सिटी हैदराबाद | 602.37 | टीएसआईआईसी | 769.00 | 301.25 | |
| 9 | | महेश्वरम | 310.70 | | 409.00 | 153.60 | |
| 10 | उत्तर प्रदेश | यमुना एक्सप्रेसवे, ग्रेटर नोएडा | 98.84 | यू.पी. इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) | 116.57 | 50.00 | |
| 11 | | इकोटेक VI और VII औद्योगिक क्षेत्र, ग्रेटर नोएडा | 210 | यूपी डेवलपमेंट सिस्टम कार्पोरेशन लिमिटेड (यूपीडीईएससीओ) | 231.32 | 101.69 | |
| | कुल | | 1723.62 | | 2299.21 | 971.86 | |

(ख) सैद्धांतिक मंजूरी के लिए विचाराधीन आवेदनों का विवरण

| # | राज्य | ईएमसी का स्थान | प्रस्तावित क्षेत्रफल (एकड़) | आवेदक | वित्तीय परिव्यय (करोड़ रु. में) | | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनुमानित लागत | मांगी गई जीआईए | |
| **1** | हरियाणा | गांव-बीर दादरी और दादरी टो, जिला-झज्जर, | **207** | मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड (एमईटीएल) | **264.71** | **103.52** | हरियाणा सरकार से स्पष्टीकरण की प्रतीक्षा है |
| **2** | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | **90** | मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (एमपीआरडीसी) | **111.77** | **51.17** | मूल्यांकन के तहत |
| **3** | | इंदौर | **37.07** | | **44.77** | **25.77** | मूल्यांकन अभी शुरू किया जाना है |
| **4** | राजस्थान | करोली औद्योगिक क्षेत्र, भिवाड़ी, जिला अलवर | **122.15** | राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड (आरआईआईसीओ) | **79.29** | **30.83** | **17.06. 2016** को आयोजित अपनी **14** वीं बैठक में एससीसी द्वारा सैद्धांतिक अनुमोदन के लिए सिफारिश की गई |
| **5** | तमिलनाडु | नानगुनेरी तालुक तिरुनेलवेली जिला | **522** | एएमआरएल हाईटेक सिटी लिमिटेड | **513** | **254** | आवेदक अनुत्तरदायी है |
| | कुल | | **978.22** | | **1013.54** | **465.29** | |

अनुबंध-**III**

*ईएमसीएस, जहां एसपीवी का गठन कर दिया गया है, का विवरण*

| क्र. सं. | राज्य | ईएमसी का स्थान | एसपीवी का नाम | * एसपीवी के निगमन की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| **1** | छत्तीसगढ़ | गांव-तूता, सेक्टर -**22**, नया रायपुर, तहसील-आभन, रायपुर जिला | नया रायपुर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर प्रा, लिमिटेड | **20.02.2016** |
| **2** | कर्नाटक | प्लॉट नं **360**, केआईएडीबी इंडस्ट्रियल एरिया, हेब्बल, होतागली, मैसूर | मैसूर ईएसडीएम क्लस्टर | **24.12.2014** |
| **3** | राजस्थान | सपल-**1**,सलारपुर, खुशखेड़ा, भिवाड़ी | एल्सिना इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर प्रा. लिमिटेड (आईएमसीपीएल) | **21.11.2012** |

ईएमीसीएस, जहां एसपीवी का गठन किया जाना अभी बाकी है, का विवरण

| क्र.सं. | राज्य | ईएमसी का स्थान | मुख्य प्रमोटर का नाम |
|---|---|---|---|
| **1** | आंध्र प्रदेश | गांव-चेरिवी, सत्यावेदु मंडल,चित्तूर जिला | श्री सिटी प्रा. लिमिटेड |
| **2** | | चिलामथूर, अनंतपुर जिला | * एल्सिना रागा मयूरी इलेक्ट्रानिक्स पार्क प्रा.लिमिटेड |
| **3** | गुजरात | गांव-टुंडा, तल्लुका- मुंद्रा, जिला-कच्छ | * मुंद्रा सौर टेक्नोपार्क प्रा. लिमिटेड. |
| **4** | झारखंड | आदित्यपुर, सराईकेला-खरसावां जिला | आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एआईएडीए) |
| **5** | मध्य प्रदेश | बडवाई-भोपाल | मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (एमपीआरडीसी) |
| **6** | | पूर्वा-जबलपुर | |
| **7** | पश्चिम बंगाल | सेक्टर **IV** और **V**, फाल्टा औद्योगिक केंद्र, पी.एस.रामनागर, जिला दक्षिण **24** परगना | पश्चिम बंगाल इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग विकास निगम लिमिटेड (डबल्यूईबीईएल) |

** एसपीवी का गठन कर दिया गया है लेकिन संरचना एसपीवी के दिशानिर्देशों के पूर्ण अनुपालन में नहीं है।*

*********